भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2712 **जिसका उत्तर**
मंगलवार, 12 **अगस्त**, 2025 **(21 श्रावण**, 1947,**(शक)) को दिया जाना है**

ओडिशा में पत्तन-आधारित औद्योगिक विकास

2712 श्री शुभाशीष खुंटियाः

क्या **पत्तन पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पारादीप और धमरा में पत्तन-आधारित औद्योगिक विकास परियोजनाओं की स्थिति क्या है;

(ख) ओडिशा में सागरमाला के अंतर्गत कितना निवेश किया गया है;

(ग) इन परियोजनाओं में रोजगार सृजन की कितनी संभावनाएँ हैं;

(घ) कौन-कौन से पर्यावरणीय सुरक्षा उपाय कार्यान्वित किए जा रहे हैं; और

(ङ) भूमि और आवश्यक सेवाओं तथा अवसंरचना के लिए राज्य सरकार के साथ किस प्रकार समन्वय किया जा रहा है?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (ग): पारादीप पत्तन ओडिशा राज्य का एक महापत्तन है। पारादीप पत्तन में पत्तन-आधारित औद्योगिक विकास परियोजनाओं का विवरण निवेश अनुमान सहित संलग्न है **[अनुबंध-I]**। इन परियोजनाओं का वित्तपोषण पारादीप पत्तन प्राधिकरण (पीपीए) और सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के आंतरिक संसाधनों से किया जाता है। महापत्तनों (गैर-महापत्तनों) के अलावा अन्य पत्तन राज्य सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण में हैं। धामरा, ओडिशा राज्य का एक क्रियाशील गैर-महापत्तन है। सागरमाला के अंतर्गत धामरा पत्तन में निवेश की कोई प्रतिबद्धता नहीं है। इन परियोजनाओं की रोजगार सृजन क्षमता 10,000 से अधिक है।

(घ) पीपीए, शुरू की गई परियोजनाओं के लिए पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अध्ययन करता है और पर्यावरण प्रबंधन योजना कार्यान्वित करता है।

(ङ) पीपीए, भूमि अधिग्रहण, उपयोगिता स्थानांतरण और अवसंरचना के विकास से संबंधित मामलों के लिए राज्य सरकार के साथ घनिष्ठ समन्वय बनाए रखता है। समय पर अनुमोदन के लिए जिला अधिकारियों और संबंधित राज्य विभागों के साथ नियमित बैठकें आयोजित की जाती हैं। इसके अलावा, राज्य सरकार से संबंधित मुद्दों को समय पर हल करने के लिए, मंत्रालय समय-समय पर समुद्री राज्य विकास परिषद (एमएसडीसी) की बैठकें आयोजित करता है और सागरमाला परियोजनाओं के शीघ्र कार्यान्वयन के लिए विभिन्न हितधारकों के बीच तालमेल बनाने हेतु तटीय राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को राज्य सागरमाला समिति की बैठकें आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

अनुबंध-I

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**परियोजना लागत (भारतीय रुपये करोड़)**	**भूमि आवंटित. (एकड़ में)**
1.	मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क (एमएमएलपी) का विकास	260	100
2.	8 एमएमटीपीए सीओआईटी टर्मिनल	2371	277
3.	24 एमएमटीपीए लौह अयस्क पेलेट संयंत्र	7466	277
4.	14 एमएमटीपीए लौह अयस्क पेलेट संयंत्र	6325	100
5.	4.6 एमएमटीपीए पीओएल टर्मिनल	3011	58

*****